

## एक नजर में



### 23 को चिमनगंज मंडी प्रांगण में आयोजन

**उज्जैन।** नगर एक बार फिर इतिहास रचने जा रहा है। लोकमान्य तिलक गणेशोत्सव महाआयोजन समिति के तत्वावधान में 23 अगस्त प्रातः 10 बजे, चिमनगंज मंडी प्रांगण में लगभग 5000 बच्चे एक साथ अपने हाथों से मिट्टी से श्री गणेशजी की प्रतिमा बनाएंगे। आयोजन समिति के संयोजक एवं उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा की अगुआई में पूर्व में भी हजारों बच्चों ने एक साथ गणेश प्रतिमा बनाकर उज्जैन का नाम लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया था। अब एक बार फिर नगर वही गौरवशाली क्षण देखने जा रहा है, जब बच्चे अपने हाथों से निर्मित गणेश प्रतिमा घर ले जाकर गणेश चतुर्थी पर स्थापना करेंगे। समिति के सहसंयोजक जगदीश पांचाल ने बताया कि आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। लगभग 20 कारीगर विशेष मिट्टी तैयार कर रहे हैं और 100 प्रशिक्षक बच्चों को प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण देंगे। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने समिति सदस्यों एवं मंडी सचिव के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान समिति के सदस्य अशोक केथवास, आनंद जैन, राजेश सेठी, अजय तिवारी, ऋषि वर्मा, दिनेश जाटवा, कपिल पाल, राजेश बाथम, अनिल शिंदे, गब्बर भाटी, राजेश शर्मा, सुभाष डोडिया, जितेंद्र अग्रवाल, हजारीलाल मालवीय, गजेंद्र सकलेचा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षक कैलाश सोनी, भारती वर्मा, मुकेश यादव, विक्रम ठाकुर, रितेश जटिया, विजय चौहान, आशीष जाधव, नवीन यादव, विजय सिंह कुशवाहा, पंकज चौधरी, हेमंत गहलोत, बबीता, घनश्याम गौड़, गजेंद्र हिरवे, राखी कड़ेल, विकास राठौर, बसंत भारती, प्रदीप पांचाल, धर्मेन्द्र सिंह परिहार, दिलीप गांगुली, अशोक देवड़ा, संजय कोरट, जितेंद्र भाटी, दिलीप परमार, शिवेंद्र तिवारी, मोहन चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं। अनेक सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठन भी इस भव्य आयोजन में सहभागिता निभा रहे हैं।

### बेंगलुरु की नृत्यांगना ने दी आकर्षक प्रस्तुति



**उज्जैन।** नगर के दो शासकीय विद्यालयों में गुरुवार को स्पीक मैके एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में देश की प्रख्यात नृत्यांगना रेखा राजू ने प्रातः 10.15 बजे से शासकीय विजयाराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घास मंडी में नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। उनकी दूसरी प्रस्तुति दोपहर में 12.30 बजे शासकीय मॉडल उमावि ढांचा भवन में हुई। जहां उन्होंने भारतीय शास्त्रीय नृत्य मोहिनी अट्टम की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बेंगलुरु की नृत्यांगना रेखा राजू ने यहां कार्यशाला में विद्यार्थियों को नृत्य की बारीकियों से भी परिचित कराया। स्पीक मैके के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बताया विद्यालयों में आभार प्रदर्शन प्राचार्य सोमेश व्यास एवं पद्म सिंह चौहान ने किया।

### तीन दिवसीय योग एवं मेडिटेशन शिविर

**उज्जैन।** विक्रम विश्वविद्यालय के प्राणिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला में 21 अगस्त तक तीन दिवसीय योग एवं मेडिटेशन शिविर प्रारंभ हुआ जो 23 अगस्त तक चलेगा। विभागाध्यक्ष डॉ. सलिल सिंह ने बताया कि विभाग सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देता आया है और इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है, यह आयोजन उसी दिशा में एक प्रयास है। विद्यार्थियों को मेडिटेशन के विषय में बताते हुए माधव कला महाविद्यालय की प्रोफेसर एवं हार्टफुलनेस संस्था की सदस्य प्रोफेसर अंशु भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी जीवन को संतुलित एवं नियमित बनाने में योग एवं मेडिटेशन की प्रमुख भूमिका है। मेडिटेशन मन को नियमित एवं संतुलित करने का सबसे प्रशस्त मार्ग है। उन्होंने कहा कि विचार मन से ही निकलते है और ह्रदय आधारित गुणों को बढ़ाने में मेडिटेशन एक अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि नियमित योग एवं ध्यान के अभ्यास से चित प्रसन्न रहता है और शरीर में हैप्पी हार्मोन की मात्रा भी बढ़ जाती है, अतः इसके अभ्यास से जीवन में संयम एवं प्रसन्नता आती है। हार्टफुलनेस संस्था की सदस्य डॉ स्मिता भावलकर ने विद्यार्थियों को ध्यान के बारे में बताते हुए उन्हें लगभग आधे घंटे तक ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि आने वाले दो दिनों तक विद्यार्थियों को ऐसे और भी अभ्यास कराए जाएंगे। विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज ने इस आयोजन को एक सार्थक पहल बताते हुए कहा कि विद्यार्थी को नियमित योग एवं ध्यान का अभ्यास करने का प्रयास करें। कार्यक्रम का संचालन ख्वाहिश जायसवाल एवं गर्विता सोलंकी ने किया एवं आभार डॉ. संतोष कुमार ठाकुर ने माना। कार्यक्रम में डॉ. शिवी भसीन, डॉ. गरिमा शर्मा, डॉ. शीतल चौहान एवं डॉ. पूर्णिमा त्रिपाठी सहित विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



### 110 श्रद्धालुओं ने लिया उज्जैन तीर्थ अनुभव

**उज्जैन।** जनजातीय क्षेत्र के बंधु-भगिनियों को भी धर्म-संस्कार और तीर्थ परंपरा से जोड़ने के उद्देश्य से माधव सेवा न्यास द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली उज्जैन तीर्थ दर्शन यात्रा इस वर्ष भी भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुई। इस यात्रा में सैलाना, बाजना और रावटी क्षेत्रों से आए कुल 110 महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। न्यास के महाप्रबंधक विजय आंजना ने बताया कि तीर्थयात्रियों ने महाकालेश्वर भक्त निवास में रात्रि विश्राम किया और भारत माता मंदिर में भजन-कीर्तन का आनंद लिया। यात्रा का समापन एक विशेष कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें स्वामीनारायण मंदिर आश्रम के संस्थापक आनंद स्वामी जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रावटी खंड संघचालक भाण और मुख्य वक्ता प्रदीप पांडे रहे। अपने आशीर्वचन में आनंद स्वामी जी महाराज ने तीर्थ दर्शन की महत्ता को रेखांकित करते हुए माधव सेवा न्यास को श्रवण कुमार के समान सेवा करने वाले पुत्र卐 की संज्ञा दी। वहीं मुख्य वक्ता प्रदीप पांडे ने न्यास द्वारा संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों की विस्तृत जानकारी दी। यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए इस पहल की सराहना की और माधव सेवा न्यास के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर न्यास के न्यासी राजेश पाटीदार और रितेश सोनी ने सभी यात्रियों का शाल, श्रीफल एवं रुद्राक्ष की माला पहनाकर स्वागत किया। संचालन न्यास के महाप्रबंधक विजय आंजना ने किया।

### कुख्यात बदमाश फरार, पत्नी को भेजा जेल

**उज्जैन।** 16 अगस्त को रेलवे स्टेशन माल गोदाम के बाहर ठेला लगाने वाले शाहरूख पिता नौशाद पठान को कुख्यात बदमाश छैनू, उसकी पत्नी और साथ आये एक अन्य युवक मिलकर चाकू मार दिये। देवासगेट थाना पुलिस ने बताया था कि घायल के अनुसार ठेले का किराया लेने की बात पर विवाद हुआ था। पुलिस ने उसकी शिकायत पर तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। एसआई राधेश्याम आवलिया ने बताया कि 3 की तलाश के बाद कुख्यात बदमाश की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे बुधवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। बदमाश छैनू फरार है। उसके गिरफ्त में आने पर साथी का पता चल पायेगा।

# सिंहस्थ के कार्य में भ्रष्टाचार किया तो खैर नहीं, उज्जैन से रवाना करने में देर नहीं

## कार्यों की गुणवत्ता में कमी पर किसी भी अधिकारी को दूसरा अवसर नहीं दिया जाएगा, अपर मुख्य सचिव दुबे की अध्यक्षता में सिंहस्थ की हुई बैठक

**उज्जैन।** यह महाकाल की नगरी है यहां महाकुंभ की तैयारी चल रही है। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। यदि किसी भी कार्य में भ्रष्टाचार किया और शिकायत आई या यह तथ्य मिले की ठीक तरीके से काम नहीं किया गया है तो निर्माण एजेंसियों के सभी अधिकारी सुन ले, दूसरा मौका नहीं मिलेगा और उज्जैन से सीधे रवानगी कर दी जाएगी।

यह बात गुरुवार को उज्जैन आए अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने सिंहस्थ 2028 की बैठक लेते वक्त निर्माण एजेंसियों के अधिकारी कर्मचारियों से कही। जिसमें सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह भी इंदौर से बैठक में शामिल होने के लिए उज्जैन आए। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की योजनाएं और प्रमुख की सचिव को बताई। मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग संजय दुबे की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में सिंहस्थ 2028 अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपर मुख्य सचिव दुबे ने कहा कि कार्यों में राशि में कोई कमी नहीं रहेगी, परंतु सभी अधिकारी कार्य लक्ष्यानुसार समयावधि में अनिवार्य रुप से पूर्ण करवाए। सीवरेज और पेयजल प्रदाय के कार्य करने वाले अपने कार्यों पर विशेष ध्यान दें। कोई भी अधिकारी कन्सल्टेंट के भरोसे ना रहे, स्वयं कार्य की गुणवत्ता और प्रगति पर व्यक्तिगत रुप से ध्यान दें।

बैठक में अपर मुख्य सचिव दुबे ने क्वालिटी ऑफ लाईफ बढ़ाने के लिए नदी से जुडाव के लिए साईकल पाथवे, पैदल मार्ग और पौधारोपण करने के निर्देश दिए। दुबे ने निर्देश दिए कि कालभैरव मंदिर उन्नयन की कार्ययोजना में श्रद्धालुओं को गर्मी से बचाव के लिए और गर्मी में फर्श कम गर्म हो इसके लिए प्रांगण में वृक्षारोपण विशेष रुप से सम्मिलित किया जाए।



### गलती की तो दूसरा अवसर नहीं मिलेगा

बैठक में दुबे ने निर्देश दिए कि कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। सभी कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुसार किए जाए। गुणवत्ता में कमी होने पर किसी भी अधिकारी को दूसरा अवसर नही दिया जाएगा। सिंहस्थ 28 में करोडों श्रद्धालुओं का आगमन होगा किए गए कार्यों से प्रदेश की छवि ओर बेहतर बनेगी। सभी संबंधित अधिकारी इस बात को ध्यान में रख कर सामूहिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करे। बैठक में सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, जिला पंचायत सीईओ जयती सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, यूडीए सीईओ संदीप सोनी, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा व अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### काल भैरव मंदिर पर वृह्द योजना

मुख्य सचिव की बैठक में कार्य स्वीकृति के लिए प्रस्तुत करने का अनुमोदन किया गया। बैठक में कलेक्टर सिंह ने जानकारी दी कि एसपीए द्वारा कालभैरव मंदिर के आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को समाहित कर मंदिर काम्प्लेक्स के उन्नयन की कार्ययोजना बनाई गई है। कार्ययोजना में एक नई अप्रोच रोड मंदिर के लिए प्रस्तावित की गई है। कार्ययोजना अंतर्गत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 03 पार्किंग, एक धर्मशाला, फेसिलिटी सेंटर बनाए जाएंगे। उक्त कार्यों की लागत राशि लगभग 163 करोड़ रुपए होगी। इस दौरान दुबे ने महाकाल मंदिर सहित अन्य जगहों का निरीक्षण भी किया था।

### लैब से टेस्ट होगी गुणवत्ता

बैठक में अपर मुख्य सचिव दुबे ने कहा कि आगामी निरीक्षण के दौरान मोबाईल टेस्टिंग लेब के माध्यम से कार्यों की गुणवत्ता की जांच यथा समय की जाएगी। आगामी बैठक में वरिष्ठ अधिकारी सभी कार्यों की जानकारी स्वयं प्रस्तुत करेंगे। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा सिंहस्थ आध्यात्मिक सिटी, कालभैरव मंदिर काम्प्लेक्स, निकास चौराहे से इंदौर गेट तक ऐलीवेटेड ब्रिज, मकोडियाआम से नीलगंगा तक ऐलीवेटेड ब्रिज निर्माण कार्यों की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। वहीं इसके पूर्व सिंहस्थ निर्माण कार्यों का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया जाकर उसे समय सीमा में करने के निर्देश भी दिए।

# हिरासत में कारों के साइलेंसर चोरी करने वाली गैंग का सदस्य

## कीमती धातु की मिट्टी निकाल कर बाजार में लगाते थे ठिकाने

**उज्जैन। पिछले दिनों कारो के साइलेंसर चोरी होना सामने आया था। पुलिस प्रकरण दर्ज कर चोरी करने वालों का सुराग तलाशने के लिए सीसीटीवी कैमरे देखे गए। एक बिना नंबर की कार दिखाई दी, जिसकी तलाश कर अलीगढ़ के एक बदमाश को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में साइलेंसर चुराने के बाद उसमें लगी धातु की मिट्टी निकालकर महंगी कीमत में बेचने का खुलासा हो गया।**

माधव नगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर मक्सी रोड पर रहने वाले आशीष सक्सेना की मारुति सुजुकी कार से कुछ दिन पहले रात में साइलेंसर चोरी हो गया था। मामले की शिकायत पुलिस के पास पहुंची। बदमाशों का पता लगाया जाता उससे पहले ही दूसरे दिन संजय गौड़ और राजीव गांधी नगर दमदम क्षेत्र में रहने वाले राकेश यादव की जीवनदीप वेलफेयर सोसाइटी एंबुलेंस का साइलेंसर भी चोरी होना सामने आ गया। तीन दिन में हुई तीन साइलेंसर चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखने शुरू किये। तीनों ही वारदात स्थल के आसपास बिना नंबर की स्विफ्ट कर दिखाई दी। जिसकी तलाश शुरू की गई और बिना नंबर की कार को सेठी नगर क्षेत्र से पकड़ा गया। जिसमें मुस्तकीम पिता मजीद खाँ

निवासी अहलादपुर नीवरी, गोंडा मोड़, सद्दाम स्कूल के पास, थाना रोराबर जिला अलीगढ़ उ.प्र. सवार था। पूछताछ में साइलेंसर चोरी का चौंकाने वाला खुलासा हुआ। मुस्तकीम ने बताया कि अलीगढ़ से दो साथी जुनैद और आरिफ के साथ उज्जैन आकर मारुति सुजुकी इको कार के साइलेंसर चोरी करते थे। मारुति कार में लगा साइलेंसर अन्य कारों से अलग होता था। उसमें दो तरह की धातु लगी होती थी। जिसमें से महंगी धातु मिट्टी निकालने के बाद साइलेंसर फेंक दिया करते थे। बाजार में धातु मिट्टी की कीमत 30, प्रति किलो मिलती है। माधवनगर टीआई राकेश भारती के अनुसार गिरफ्त में आए अलीगढ़ के बदमाश को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। उसके दोनों फरार साथियों की तलाश में एक टीम उत्तर प्रदेश अलीगढ़ भेजी गई है। आरोपी से चार साइलेंसर जप्त किए गए हैं वहीं 800 ग्राम धातु मिट्टी के चार पैकेट भी मिले हैं। अलीगढ़ के बदमाश अन्तर्राज्यीय स्तर पर साइलेंसर चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। रिमांड अवधि और दो फरार साथियों के गिरफ्त में आने के बाद कुछ और मामलों का खुलासा हो सकता है।

### बस का कांच फोड़कर हफ्ता मांगने वाला गिरफ्तार

उज्जैन। देवास गेट पर एमआर ट्रेवल्स के कर्मचारी से दो बदमाशों ने रूपयो की मांग की थी। नहीं देने पर बस के कांच फोड़ दिए थे। पुलिस ने हफ्ता वसूली का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की। एक को हिरासत में ले लिया गया है दूसरे की तलाश जारी है। देवास गेट थाना पुलिस ने बताया कि 2 दिन पहले बस स्टैंड क्षेत्र में एमआर ट्रेवल्स के ऑफिस पर दो बदमाश पहुंचे थे। उन्होंने ट्रेवल्स कर्मचारी से 500-500 रुपए हफ्ता देने की बात कही। कर्मचारी सुभाष चौधरी ने रुपए देने से मना कर दिया। दोनों बदमाशों ने ऑफिस के बाहर खड़ी बस पर पथराव कर कांच छोड़ दिए। घटनाक्रम के बाद ट्रेवल्स कर्मचारी सुभाष ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों बदमाशों के खिलाफ अवैध रूप से रुपए मांगने का मामला दर्ज किया। बदमाशों की पहचान संजय ठाकुर उर्फ कालू और जितेंद्र चौधरी के रूप में हुई। जिनकी तलाश करने पर पुलिस में शास्त्री नगर में रहने वाले जितेंद्र उर्फ सागर चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। उसका दूसरा साथी फरार होना सामने आया जिसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। अवैध रूप से रूपयो की मांग करने के लगातार सामने आ रहे हैं जिसको लेकर उज्जैन पुलिस ने आमजन से अपील कि है कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा अवैध वसूली, गाली-गलौज, मारपीट अथवा अन्य आपराधिक गतिविधियों का प्रयास किया जाता है तो तत्काल इसकी सूचना नजदीकी थाना, डायल-100/112 पर दें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### निगम आयुक्त मिश्रा ने किया छोटा रूद्रसागर स्थित नाले का निरीक्षण

**उज्जैन। गुरुवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा हरसिद्धि पाल के सामने स्थित छोटा रुद्रसागर के नाले का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था एवं नाले पर लगी स्क्रीनिंग जाली की नियमित सफाई करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि नाले में कचरा न फंसे एवं जल भराव की स्थिति निर्मित ना हो।**

उल्लेखनीय है कि छोटा रुद्र सागर में बेगम बाग एवं महाकाल लोक के नाले का पानी आता है इसलिए नियमित रूप से सफाई कर्मचारियों को तैनात करते हुए स्क्रीनिंग जाली एवं नाले की सफाई का कार्य करवाया जाता है ताकि जल जमाव की स्थिति निर्मित ना हो।

आयुक्त द्वारा क्षेत्र के स्वास्थ्य निरीक्षक मुकेश भाटी को निर्देशित किया कि छोटा रुद्र सागर महाकाल मंदिर के पास स्थित है चारों तरफ प्रमुख धार्मिक स्थल भी आते हैं इसलिए उक्त क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखते हुए अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों को लगाकर सफाई कार्य संपादित करें कहीं पर भी कचरा ना पाया जाए इस बात का ध्यान रखें।

### 60 से अधिक पशुओं को भेजा गौशाला

उज्जैन। गुरुवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रातः 6 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक विशेष अभियान चलाते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों पर घूमते हुए आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई करते हुए लगभग 60 से अधिक पशुओं को रत्नाखेड़ी स्थित नगर निगम की कपिला गौशाला में भेजा गया। साथ ही पशु पकड़ते समय पशुपालकों द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने पर उनके वाहनों के नंबर नोट करते हुए पुलिस प्रशासन को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जाएगा। उपायुक्त संजेश गुप्ता ने बताया कि निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार शहर में पशु पकड़ने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग पशु गैंग के द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 60 से अधिक पशुओं को विभिन्न क्षेत्रों से पकड़ते हुए कपिला गौशाला भेजा गया।

### नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने किया हस्तशिल्पी प्रदर्शनी का शुभारंभ

**उज्जैन।** क्राफ्ट इनोवेशन प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय दिल्ली के संरक्षण में 20 अगस्त से 29 अगस्त तक हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन महाकाल वाणिज्य केंद्र शुभम परिसर नानाखेड़ा, कॉसमोस मॉल के सामने किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ गुरुवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सहायक संचालक जिला हस्तकरघा विभाग प्रहर वरदेरू, सहायक संचालक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र श्रद्धा गोखले, वृक्षमित्र सेवा समिति अध्यक्ष अजय भातखंडे द्वारा किया गया गया। प्रदर्शनी में 30 महिलाओं द्वारा विभिन्न क्राफ्ट में स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें ब्लॉक प्रिंट, एम्ब्रॉयडरी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, डेकोरेटिव आइटम, साड़ियां, सलवार सूट, चादरें, मोमबत्तिय आदि शामिल हैं। हस्तशिल्प प्रदर्शनी में शाम को विभिन्न आयोजन होते हैं जिसमें मिट्टी के गणेश बनाना, नृत्य प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे इस दौरान चित्रा मेहता डायरेक्टर, विशेष सहयोग प्रीति साठे, ज्योति जोशी, अर्चना कुलश्रेष्ठ, ममता जाटवा, ज्योति जय सिंहानी, अंजलि भट्टन, वैशाली साठे, उक्त जानकारी प्रेरणा दाभाड़े डायरेक्टर द्वारा प्रदान की गई।

# अनाज व्यापारी ने जहर खाकर की आत्महत्या

**उज्जैन।** महाकाल ट्रेडर्स नाम से दुकान संचालित कर अनाज का व्यवसाय करने वाले व्यापारी युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। आत्मघाती कदम उठाने का कारण परिजनों के बयान और जांच के बाद सामने आ पाएगा।

देवास गेट थाना क्षेत्र के सरदारपुर में रहने वाला निलेश पिता नंदकिशोर पाटीदार दूध तलाई में महाकाल ट्रेडर्स नाम से अनाज की दुकान संचालित करता था। देर शाम तक घर नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई। दूध तलाई क्षेत्र में ही वह बेसुध हालत में मिला। उसे उपचार के लिए चरक अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी देते हुए हालत गंभीर होने पर भर्ती किया लेकिन कुछ घंटे चले उपचार के बाद रात में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद पोस्टमार्टम कराया। प्रारंभिक जांच में जहर खाने का कारण सामने नहीं आया है। परिजन और दोस्तों का कहना था कि निलेश का विवाहित था और काफी खुश मिजाज रहता था। उसे किसी प्रकार की परेशानी नहीं थी ना ही उसने किसी से कर्ज लिया था। आखिर उसने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी नहीं है। देवास गेट पुलिस के अनुसार मामले की जांच शुरू की गई है। निलेश का मोबाइल परिजनों से प्राप्त कर कॉल डिटेल लगा ली जाएगी। जांच और परिजनों के बयान के बाद ही अनाज व्यापारी की आत्महत्या का कारण सामने आ पाएगा।

### एमडी ड्रग्स के साथ हिरासत में आया युवक

उज्जैन। बाइक सवार युवक के पास मादक पदार्थ होने की सूचना पर पुलिस ने उसे पकड़ा तो उसके पास से एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। युवक को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। माकड़ोन थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गुनाखेड़ी सुवासा मार्ग पर बाइक सवार युवक आने वाला है। जिसके पास मादक पदार्थ है। पुलिस ने घेराबंदी की कुछ देर में ही बाइक सवार युवक को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 35 ग्राम एमडी ड्रग्स पाउडर मिल गया। थाने लाकर पूछताछ करने पर युवक का नाम गोपाल पिता मानसिंह सोंधिया निवासी झारड़ा होना सामने आया। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह राजपूत ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ मादक पदार्थ की तस्करी का प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसे पूछताछ के लिए न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। संभावना है कि मादक पदार्थ कारोबार में उसके साथ जुड़े कुछ और साथियों की जानकारी सामने आ सकती है वहीं मादक पदार्थ कहां से लेकर आया था इस संबंध में भी खुलासे की संभावना है।

**व्रत त्योहार शुरू** — नवग्रह शनि मंदिर पर दर्शन-पूजन के लिए देशभर से उमड़ेंगे लाखों श्रद्धालु

# खास संयोग में 23 को आ रही शनिश्चरी अमावस्या, उज्जैन में होगा पर्व स्नान

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। इस बार खास संयोग के साथ 23 अगस्त को आ रही शनिश्चरी अमावस्या। उज्जैन में इस दिन इंदौररोड फोरलेन स्थित प्राचीन नवग्रह शनि मंदिर में दर्शन पूजन के लिए देशभर के लाखों श्रद्धालुओं का तांता लगेगा। वहीं शिप्रा के त्रिवेणी संगम में लोग पर्व स्नान कर दान-पुण्य भी करेंगे।**

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि इस दिन एक विशेष योग बन रहा है। सूर्य, चंद्र और केतु की युति सिंह राशि में होंगे। यह स्थिति पितरों के लिए श्रेष्ठ मानी जाती है। पितृ पूजन, तर्पण और पिंडदान से पितरों की अनुकूलता मिलेगी। वर्तमान में शनि मीन राशि में वक्री है। मकर, कन्या और मिथुन राशि वालों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहना चाहिए। जिन लोगों की शनि की साढ़ेसाती या ढैया चल रही है, उन्हें विशेष सावधानी बरतनी होगी।

उज्जैन में नईपेठ व ढाबा रोड पर भी है प्राचीन शनि मंदिर

उज्जैन में यूं तो अनेक स्थानों पर शनि देव के मंदिर बने हैं। लेकिन पुराने शहर के नईपेठ क्षेत्र में स्थित शनि देव का मंदिर प्राचीन है। यह चौरासी महादेव में भी आता है। यहां शिवलिंग रूप में भगवान शनि देव भक्तों को दर्शन देकर कृपा बरसाते हैं। वहीं ढाबारोड पर गेबी हनुमान के सामने भी शनि मंदिर पुराने समय का है। शनि अमावस्या पर यहां भी दर्शन-पूजन के लिए लोग उमड़ेंगे।



### महत्व, साढ़ेसाती-ढ्यया वाले करें अभिषेक

उज्जैन में शनिश्चरी अमावस्या पर नहान व दान-पुण्य का खासा महत्व होने से हर बार लाखों लोग देश के कोने-कोने से यहां उमड़ते हैं। जिन लोगों की राशि में साढ़ेसाती, ढय्या चल रही है, उनके लिए यह दिन बहुत शुभ है। शनि दोषों को शांत करने के लिए शनिश्चरी अमावस्या पर शनिदेव का अभिषेक करने से लाभ मिलेगा। साथ ही अमावस्या पर पिंडदान, तर्पण व श्राद्ध का भी महत्व है। उज्जैन के रामघाट व सिद्धवट पर लोग पूजन कर पितरों को प्रसन्न कर उनके आशीर्वाद लेते हैं। शनि महाराज को लेकर तरह तरह की चर्चाएं होती है। बताया जाता है कि अगर शनि नाराज हो जाएं तो काफी अनिष्ट होता है। लेकिन अगर खुश हो जाए तो संबंधित को निहाल कर देते हैं।

### इस साल पितृपक्ष बेहद खास, 100 साल बाद बना योग

उज्जैन। इस साल पितृ पक्ष बेहद खास होने वाला है। खगोलविदों के मुताबिक करीब 100 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य पं. जय शिव शर्मा ने बताया कि जब पितृ पक्ष के दौरान चंद्र ग्रहण और सूर्य ग्रहण दोनों एक साथ पड़ेंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार पितृ पक्ष में ग्रहण का लगना शुभ-अशुभ फल को और प्रभावशाली बनाता है। पं., शर्मा का कहना है कि यह घटना पितरों की शांति और तर्पण कर्मकांड को विशेष महत्व देने वाली होगी। वहीं वैज्ञानिक दृष्टि से यह दुर्लभ खगोलीय संयोग शोध के लिहाज़ से अहम है। आस्था और विज्ञान—दोनों ही दृष्टियों से यह समय ऐतिहासिक बनने जा रहा है। इस बार पितृ पक्ष की शुरुआत रविवार, 7 सितंबर 2025 से होगी और समापन रविवार, 21 सितंबर 2025 को सर्वपितृ अमावस्या पर होगा। खास बात यह है कि इसी अवधि में 7-8 सितंबर को चंद्र ग्रहण और 21 सितंबर को सूर्य ग्रहण पड़ रहा है। यानी पितरों के श्राद्ध और ग्रहण जैसी दो महत्वपूर्ण घटनाएं एक ही समय में घटित होंगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह संयोग बेहद दुर्लभ है और सौ साल बाद बन रहा है। इससे पितृ पक्ष का महत्व और अधिक बढ़ गया है।